
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# कृषि विधेयकों के विरोध में कांग्रेसियों का राजभवन कूच

विरोध

## कृषि बिलों को लेकर किसानों से सीधा संवाद करेगी भाजपा

**संवाददाता**

देहरादून। कांग्रेस ने संसद से पारित कृषि विधेयकों के विरोध में सोमवार को राजभवन कूच किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि कांग्रेस देशभर के किसानों के हितों पर कुठाराघात नहीं होने देगी। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने मोदी सरकार पर किसान विरोधी फैसले लेने के आरोप लगाए। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने कहा कि उन्होंने किसानों की लड़ाई पहले भी लड़ी और आज भी लड़ रहे है। इस मौके पर उत्तराखंड किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआइ, युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता भाग ले रहे हैं।

**बीते रोज कांग्रेस भवन में हुई समीक्षा बैठकः** विरोध रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को राजपुर रोड स्थित कांग्रेस भवन में समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के लोकसभा व राज्यसभा



से पारित करवाए गए कृषि विधेयकों का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विरोध करती है। कहा कि इसके लिए पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर आर–पार की लड़ाई लड़ेगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष की ओर से सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों को इस बात के लिए विशेष ध्यान देने को कहा गया है कि कूच में शामिल सभी लोग शारीरिक दूरी नियम का ध्यान रखें व हर व्यक्ति अनिवार्य रूप से मास्क लगाए। राजभवन पहुंचकर प्रदेशवासियों की ओर से राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजेंगे।

समीक्षा बैठक में प्रदेश महामंत्री विजय सारस्वत, याकूब सिद्दीकी, एससी–एसटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पूर्व विधायक राजकुमार, निवर्तमान प्रवक्ता गरिमा दसौनी, कमर खान, महेश जोशी, देविका रानी, तजेंद्र कौर, दीपा चौहान, प्रकाश नेगी, भारत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बंशीधर भगत ने कांग्रेस पर निशाना साधा

उत्तराखंड में भाजपा कृषि बिलों के प्रविधानों के बारे में किसानों से सीधा संवाद करेगी। पार्टी ने कांग्रेस के जरिए इसे देकर दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए भी बड़े स्तर पर योजना बनाई है। इसके तहत प्रदेश में 2200 शक्ति केंद्रों पर किसानों से सीधा संवाद करने समेत कई कदम उठाए जा रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने बताया कि कृषि बिल में किसानों के हित में किए गए प्रविधानों के बारे में किसानों से सीधा संवाद करने का फैसला किया गया है। कांग्रेस द्वारा किसानों को भ्रमित करने और उन्हें भड़काने के लिए किए जा रहे दुष्प्रचार का खुलासा करने की भी योजना बनाई गई है। अब प्रदेश में 2200 शक्ति केंद्रों पर भाजपा किसान मोर्चा के जरिए पार्टी पदाधिकारियों से तालमेल कर किसानों से सीधा संवाद किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### एसोशिएशन का प्रतिनिधि मण्डल मदन कौशिक से मिला

**संवाददाता** हरिद्वार। हरिद्वार ट्रैवल एसोशिएशन के एक प्रतिनिधि मण्डल ने कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। एसोशिएशन के अध्यक्ष उमेश पालीवाल ने मंत्री से मुलाकात कर कहा कि चारधाम यात्रा पर यात्री आना चाहते हैं और लगातार यात्री संपर्क भी कर रहे हैं लेकिन देवस्थानम बोर्ड की साइट पर अभी तक कोविड नेगेटिव रिपोर्ट के बिना रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है। जिसे जल्द खत्म कर नेगेटिव रिपोर्ट की बाध्यता को हटाया जाए, ताकि यात्री बिना किसी बाध्यता के उत्तराखंड आ सकें। केवल एक माह की शेष बची यात्रा का यहाँ के व्यवसायी को कुछ लाभ मिल सके।

### व्यापार मण्डल प्रतिनिधि मण्डल को सौंपा मेयर को ज्ञापन

**संवाददाता** हरिद्वार। प्रदेश व्यापार मण्डल के एक प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी के नेतृत्व में नगर निगम मेयर अनीता शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से लॉकडाउन के टाइम का मार्च से अब तक का व्यापारियों का दुकानों का किराया माफ किया जाए। साथ ही कोरोना काल तक का किराया आधा किये जाने तथा शहर मे लघु व्यापारियों के लिए वेंडिंग जोन व पार्किंग की व्यवस्था करने की माँग की। ज्ञापन देते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा की मार्च से लेकर अब तक हरिद्वार में दुकानों पर ताले लटके हुए हैं और ऐसे में नगर निगम से कई कई हजारों के किराए के नोटिस भेज दिए, जोकि व्यापारी के लिए बहुत बड़ी चोट है।

### अमेजन इंडिया ने त्योहारी सीजन से पहले अपने डिलीवरी नेटवर्क का किया विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन इंडिया ने बहुप्रतीक्षित त्योहारी सीजन से पहले अपने डिलीवरी नेटवर्क में महत्वपूर्ण विस्तांर की घोषणा की। त्योहारी सीजन में ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी ने अपने डिलीवरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाते हुए इसका दायरा बढ़ाया है। इसके तहत नेटवर्क में 10 हजार से भी अधिक डिलीवरी पार्टनर्स जोड़े गए हैं। कंपनी ने अपनी सीधी पहुंच बढ़ाने के लिए कई दूरदराज के उत्तरपूर्वी शहरों जैसे कि चम्फाई, कोलासिब, लुमडिंग और मोकोकचुंग के डिलीवरी स्टेशनों सहित देशभर में डिलीवरी सर्विस पार्टनर्स द्वारा संचालित लगभग 200 डिलीवरी स्टेशनों को भी शामिल किया है। कंपनी ने अपने डिलीवरी कार्यक्रमों के साथ–साथ फ्लैगशिप प्रोग्राम 'आई हैव स्पेस' को भी मजबूत किया है। इसमें अब तक 350 शहरों के करीब 28,000 से अधिक दुकानें और किराना स्टोर शामिल हो चुके हैं।

## मुंसयारी में पर्यटन व इको पर्यटन को बढ़ावा देने को इंवेट का हुआ आयेजन

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। विश्व पर्यटन दिवस पर मुंसयारी में पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ से सात प्रतिभागियों का दल मुंसयारी में साइकिल चलाकर प्रतिभाग करने पहुंचां। रविवार को पर्यटन दिवस के मौके पर हाइकिंग और साइकिल रनिंग का आयोजन किया गया।

खलियाटाप से बलाती बैंड कालामुनि बलाती बैंड से पाताल थौड तक पचीस किलोमीटर तक साइकिलिंग हुई। इस दौरान पिथौरागढ़ साइकिल एकेडमी मोनाल संस्था और इको पार्क मुंसयारी के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ असित आनन्द ने जिले से मुंसयारी में पहली बार साइकिलिंग अभियान चलाने व आयोजन में प्रतिभाग करने पहुंचे आयोजकों का हार्दिक आभार जताया। सीमांत में आयोजन कराने पहुंचे साइकिल दल के सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र में उनके द्वारा कराये जा रहे इस इवेंट का मकसद क्षेत्र में पर्यटन व इको पर्यटन को बढ़ावा देने से है। इस आयोजन को बढ़ावा देने में अवनि गर्ब्याल 14 साल अनिल महरा 45 साल व दिल्ली के प्रतिभागी जितेन्द्र सिह रावत आकर्षण का केन्द्र रहे।

इस मौके पर सात प्रतिभागी पिथौरागढ़ से मुंसयारी साइकिलिग करके पहुंचे सात युवाओं में सुरेन्द्र पवार, रवीश भटट, वीरेन्द्र सिह,ब्रजेश धर्मशक्तू, जीवन बिष्ट,देवेन्द्र खत्री,पंकज जिमिवाल शामिल रहे।




# दत्तू में नेपाल सशस्त्र पुलिस बल की छटी बीओपी खुली

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़।नेपाल द्वारा सीमा विवाद की आड़ का सहारा लेकर नेपाल बार्डर पर लगातार सैन्य गतिविधियों को बढ़ाने के मामले सीमा पर इन दिनों खासे चर्चा में चल रहे है।

जानकारी के मुताबिक बीते रविवार को छांगरू में बटालियन तैनात करने के दो दिन बाद ही सीमा पर दत्तू में नेपाल द्वारा सशस्त्र बल की बार्डर आउटपोस्ट पर छटवीं बीओपी खोल दी गई है। बता दें कि वर्तमान में नेपाल पर बीओपी की संख्या बढ़कर छह हो गयी है। नेपाल पूरी तरह अब भारत चीन सीमा पर अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ाने में लग गया है।

### सीमा विवाद की आड़ में नेपाल बढ़ा रहा सैन्य गतिविधियां

वही पहली बार चीन से लगे नेपाल के व्यास गांव पालिका क्षेत्र में नेपाल के गृहमंत्री के आने की सुगबुगाहट भारत के हाथ लग चुकी है। बता दें कि रविवार को नेपाल के गृहमंत्री द्वारा एपीएफ बटालियन भवन का शिलान्यास किये जाने की जानकारी मिली है। उन्होंने बीती रविवार की सांय को व्यास गांव पालिका में ही रात्रि में विश्राम भी किया। नेपाल द्वारा बीते अगस्त माह में दार्चुला के खलंगा स्थित बीओपी को भी बटालियन में तब्दील किये जाने की जानकारी हाथ लगी है। नेपाल के गृहमंत्री ने बीते चौबीस घंटे के भीतर भारत के बलुवाकोट के सामने दत्तू में छटी बीओपी को खुलवा दिया है।

बीओपी का उदघाटन डीआईजी हरिशंकर बूडाथौकी ने किया। लगातार बार्डर पर खोली जा रही नेपाल सशस्त्र बल की बीओपी ने नेपाल की सैन्य गतिविधि को बढ़ावा मिलने के संकेत देने शुरू कर दिये है। नेपाल के छांगरू में बटालियन मुख्यालय खुलने से अब नेपाल की भारत चीन सीमा पर सैन्य गतिविधियां बढ़ जायेगी। नेपाल द्वारा विवाद की आड़ में बीओपी खोले जाने का रास्ता अब साफ नजर आने लगा है।

### प्राचीन छड़ी यात्रा बदरीनाथ धाम व पाण्डुकेश्वर से जोशीमठ पहुंची

**संवाददाता** हरिद्वार। श्रीपंच दशनाम जूना आनंद अखाड़ा की प्राचीन पवित्र छड़ी यात्रा सोमवार सुबह बदरीनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंची। छड़ी के प्रमुख महंत व जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय सभापति महंत प्रेमगिरि के नेतृत्व में पवित्र छड़ी के साथ गए साधुओं के जत्थे को मन्दिर में प्रवेश नहीं करने दिया गया, केवल पुरोहितों द्वारा पवित्र छड़ी को मन्दिर के गर्भगृह में ले जाया गया और भगवान बदरीनाथ की पूजा अर्चना के पश्चात छड़ी को साधुओं को सौंप दिया गया। बताते चले कि गत दिनों पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती बदरीनाथ धाम दर्शनों के लिए आयी थी, लेकिन उनकी कोरोना पॉजिटिव आने के कारण बदरीनाथ धाम मन्दिर सैनिटाइज कर आम श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया था। पवित्र छड़ी को माणा गांव से आगे व्यास गुफा व अन्य पौराणिक स्थलों पर भी प्रशासन ने नहीं जाने दिया।